Regarding installation of CCTV cameras in mosque and madarsa in line with other institutions like temple, church, gurudwara, schools,hospitals etc for national security

श्री अरुण गोविल (मेरठ): जय श्री राम ।

माननीय सभापति महोदया, मैं आपका ध्यान एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय सुरक्षा संबंधी विषय की ओर आकर्षित करना चाहता हूं । आज देश भर में मंदिर, चर्च, गुरुद्वारे, स्कूल-कॉलेजों, अस्पतालों, बाजारों और अधिकांश सार्वजनिक स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जा चुके हैं । ये कैमरे सुरक्षा, पारदर्शिता और अपराध निरोध में अत यंत सहायक सिद्ध हुए हैं ।

महोदया, मस्जिदों और मदरसों में अभी भी यह व्यवस्था लागू नहीं है, जबकि ये भी बड़े सार्वजनिक और सामुदायिक स्थल हैं, जहाँ सुरक्षा सुनिश्चित करना उतना ही आवश्यक है । महत्वपूर्ण यह भी है कि इस्लाम धर्म के जन्मस्थान सऊदी अरब के मक्का और मदरसों में भी सुरक्षा कारणों से सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं । यदि वहां सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए यह व्यवस्था अपनाई जा सकती है, तो भारत में समान सुरक्षा मानकों को लागू करने में संकोच क्यों है?

अतः मेरा सरकार से आग्रह है कि केंद्र सरकार मस्जिदों और मदरसों में भी मंदिरों, स्कूलों, चर्चों और अन्य सार्वजनिक स्थलों की तरह सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य करने हेतु एक समान राष्ट्रीय सुरक्षा नीति बनाने पर विचार करे । यह कदम किसी धर्म के विरुद्ध नहीं है, बल्कि राष्ट्र के 140 करोड़ नागरिकों की सुरक्षा के हित में होगा, क्योंकि सुरक्षा न तो धार्मिक होती है, न पक्षपाती होती है, सुरक्षा हमेशा राष्ट्रहित और मानवहित में होती है । सरकार समान सुरक्षा मानकों को लागू करने पर विचार करे, ताकि हमारा राष्ट्रीय सुरक्षा तंत्र और अधिक मज़बूत हो सके, क्योंकि सुरक्षा हर नागरिक का समान अधिकार है । धन्यवाद । जय श्री राम ।